एक नजर.....

सोनम कपूर की शादी में ठुमके लगाएंगे करण जौहर, इस गाने पर करेंगे डांस

बॉलीवुड की फैशनिस्टा गर्ल जल्द ही शादी का लड्डू खाने जा रही हैं । सोनम जल्द ही शादी करने जा रही है । सोनम जल्द ही दिल्ली बेस्ड बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी रचाने जा रही है । मीडिया में इन दिनों सोनम की शादी को लेकर रोज खबरें आ रही है । सोनम के घर पर शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी है । संगीत के फंक्शन के लिए अभी से तैयारी हो रही है । खुद फराह खान सोनम कपूर के संगीत को कोरियोग्राफ कर रही है । बताया जा रहा है कि अगले महीने 6 या 7 मई को सोनम शादी के बंधन में बंध जाएंगी । सोनम की शादी मुंबई में हो रही है । तो वहीं शादी के बाद रिसेप्शन दिल्ली में होगा । सोनम ने इंडस्ट्री के फ्रैंड्स को भी शादी का इन्वीटेशन दे दिया है । अब खबर है कि सोनम की शादी में करण जौहर जमकर थिरकने वाले हैं । खबरों की मानें तो वो सोनम कपूर की शादी में डांस करेंगे । करण सोनम की शादी में 'प्रेम रतन धन पायो' गाने पर थिरकते नजर आएंगे । रिपोर्ट के मुताबिक करण इस वक्त रिहर्सल कर रहे हैं । शादी में डांस करने के लिए करण काफी एक्साइटेड हैं । खैर मतलब अब करण भी सोनम की शादी में थिरकते दिखेंगे । वैसे भी शादी की तैयारियां शुरू हो गई है । परिवार के सदस्य शॉपिंग और तैयारियों में जुटे हैं । देखते हैं कि इस शादी में क्या क्या हंगामा होता है ।

52 साल के मिलिंद सोमन 27 की अंकिता से आज करेंगे शादी



सुपरमॉडल रह चुके मिलिंद सोमन एक ऐसी शख्सियत हैं जो अमूमन मीडिया की सुर्खियों में छाए रहते हैं। वह कभी फिटनेस के प्रति अपने क्रेज के लिए चर्चा का विषय बनते हैं तो कभी मैराथन में भाग लेकर सुर्खियों का हिस्सा बनते हैं। इस बार फिर से मिलिंद सोमन मीडिया में छाए हुए हैं लेकिन उसकी वजह जरा हटके है। आपको बता दें कि 52 वर्षीय मिलिंद 27 वर्षीया अंकिता कंवर से रविवार को शादी करने जा रहे हैं। पिछले दो दिनों से मिलिंद और अंकिता कंवर की हल्दी लगी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों की शादी का समारोह अलीबाग में हो रहा हैं। 52 वर्षीय मिलिंद और 27 वर्षीया अंकिता कंवर के बीच लंबे समय से दोस्ती की खबरें हम पहले भी मीडिया के जरिए पढ़ चुके हैं। शनिवार सुबह से ही अंकिता और मिलिंद की तस्वीरें हर वेबसाइट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में अंकिता हाथों में मेंहदी लगाए दिख रही हैं। वहीं अगर बात करें तो हाल ही में दोनों का एक वीडियो भी रिलीज हुआ है जिसमें अंकिता और मिलिंद एक साथ डांस करते दिख रहे हैं।

एक्टिंग ही नहीं सोशल वर्क में भी कायम है आमिर खान का जलवा

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को उम्मीद है कि लोग अपने सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर सकारात्मक बदलाव के लिए रास्ते तलाशेंगे। अपने एनजीओ पानी फाउंडेशन के माध्यम से महाराष्ट्र को सूखा-मुक्त राज्य बनाने को लेकर आमिर का मानना है कि यह प्रक्रिया एक तरह से मानवता का जश्न है। एनजीओ के सामने आने वाली चुनौतियों में ग्रामीणों तक पहुंच बनाना सबसे बड़ी समस्या है, जिसके बारे में आमिर ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ÷हमें पता है कि हमारे रास्ते में बहुत-सी समस्याएं आएंगी। इसलिए हमने इन बाधाओं से पार पाने के लिए पूरे कार्यक्रम को उस तरीके से ही तैयार किया है। लोगों को एक काम के लिए साथ लाना एक सबसे बड़ी चुनौती है।÷ उन्होंने कहा, ÷देखिए हमारा समाज कई स्तरों पर बंटा हुआ है। हर गांव में विभिन्न राजनीतिक दल हैं और गांवों में जाति व्यवस्था बहुत मजबूत है। यहां जमींदार, श्रमिक विभिन्न आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। सभी को मनाना कि कैसे जल सरक्षण प्रबंधन वास्तव में हमारी मदद कर सकता है, यह अपने आप में मुश्किल काम है। उन्होंने कहा सबसे अच्छी बात यह है कि इस मुद्दे से पार पाने के लिए ग्रामीण एक-दूसरे की मदद करते हैं।

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग खत्म, देहरादून के बाद यहां होगी शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में नजर आने वाले हैं । इस फिल्म में टाइगर के साथ अनन्या पांडे और तारा सुतारिया हैं । जो कि इसी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं । करण जौहर जल्द ही पर्दे पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 लेकर आएंगे । स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पिछले काफी वक्त से शूटिंग देहरादून में चल रही थी । हाल ही में फिल्म के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग खत्म हो गई है । सोशल मीडिया पर इसकी कई तस्वीरें सामने आई है । फिल्म के डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है । वहीं अनन्या ने भी पिक्चर को पोस्ट कर बताया कि फिल्म के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग खत्म हो चुकी है । अब बहुत जल्द फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरु की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक दो महीने के शेड्यूल की शूटिंग देहरादून, मसूरी और ऋषिकेश में की जाएगी। इसके बाद फिल्म की टीम अगले शेड्यूल की शूटिंग के लिए दिल्ली जाएगी। इसके बाद पुणे में फिल्म की शूटिंग होगी। इसके अलावा फिल्म के एक गाने की शूटिंग मुंबई में ही की जाएगी । खैर अब साफ है कि इस बार करण अपने इन स्टूडेंट्स के साथ धमाका करने वाले हैं । ये फिल्म साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल है । फिल्म में वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आए थे । जिन्होंने इस फिल्म से डेब्यू किया था । ये फिल्म इसी साल 23 नवम्बर को रिलीज होगी।

इस मूवी में माधुरी संग नजर आएंगी दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा

धर्मा प्रोडक्शन्स की मूवी 'कलंक' में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा नजर आ सकती है। इस मूवी में उनके अलावा अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, आदित्य राय कपूर दिखाई देंगे। सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि माधुरी दीक्षित के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात है। अभिनेत्री सोनाक्षी ने कहा कि आखिरकार, कलंक की घोषणा हो गई और मैं बेहद खुश हूं। इसकी स्टार कास्ट शानदार है। मैं इतने सारे आश्चर्यजनक लोगों के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश हूं। खासकर संजू सर (संजय दत्त) के साथ मैंने सन ऑफ सरदार में काम किया था। लेकिन बाकी सबके साथ मैं पहली बार स्क्रीन साझा करूंगी और मैं इसे लेकर खुश हूं।

'कलंक' की खातिर जमकर पसीना बहा रहे है वरुण धवन



'अक्टूबर' में शानदार अभिनय के बाद 'वरुण धवन' कलंक में नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग इस हफ्ते से शुरू हो जाएगी। इस बीच वरुण नहीं चाहते कि काम के बीच वो अपनी फिटनेस को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बरतें। इसलिए कलंक के डायरेक्टर ने फिल्म के सेट पर ही वरुण के लिए जिम का सेटअप कर दिया है। धर्मा प्रोडक्शन ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वरुण देर रात किकबॉक्सिंग की प्रैक्टिस करते हुए दिख रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म 'कलंक' में वरुण आलिया भट्ट के साथ चौथी बार स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। दोनों ने 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कलंक में वरुण धवन और आलिया भट्ट के अलावा संजय दत्त और माधुरी दीक्षित की जोड़ी भी 21 साल बाद साथ वापसी कर रही है। तमाम अटकलों को खारिज करते हुए करण जौहर ने इस बात की पुष्टि कर दी है। इस फिल्म में संजय दत्त और माधुरी के अलावा वरुण धवन, आलिया भट्ट, आदित्य रॉय कपूर और सोनाक्षी सिन्हा को भी कास्ट किया गया है। खबरों की मानें तो 'कलंक' में संजय दत्त और माधुरी दीक्षित माता-पिता के किरदार में नजर आएंगे। जबकि आदित्य और वरुण फिल्म में सौतेले भाईयों की भूमिका में दिखेंगे।

रणवीर सिंह ने खत्म की 'गली ब्वॉय' की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म 'गली ब्वॉय' में साथ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में दोनों के किरदारों के बारे में अब तक ज्यादा जानकारी नहीं मिली है लेकिन दोनों ही स्टार्स ने इस फिल्म की शूटिंग खत्म कर ली है. दरअसल, कुछ वक्त पहले ही आलिया भट्ट ने इस फिल्म की शूटिंग खत्म की थी और एक तस्वीर शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी थी. जिसके बाद अब रणवीर सिंह ने भी इस फिल्म की शूटिंग खत्म कर ली है और उन्होंने फिल्म की टीम के साथ शूटिंग खत्म होने पर जम कर जश्न मनाया गौरतलब है कि, इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर द्वारा किया जा रहा है।

बुड़ि औरत बनी नजर आईं अनुष्का शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा इन दिनों हर तरफ छाई हुई हैं । अनुष्का इन दिनों हर किसी की फेवरेट बन गई है । एक तरफ वो फिल्मों में काम कर रही हैं । तो वहीं दूसरी ओर वो प्रोड्यूसर बनकर फिल्में भी बना रही हैं । अनुष्का ने अपने प्रोडक्शन कंपनी क्लीन स्लेट फिल्म्स के बैनर तले कई फिल्में बनाई है । इन दिनो अनुष्का वरुण धवन के साथ सुई धागा और शाहरुख खान के साथ फिल्म जीरो की शूटिंग कर रही है ।

रणबीर हमेशा सुपरस्टार हैं, आगे भी उनके साथ काम करूंगा : राजकुमार हिरानी

रणबीर कपूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की फिल्म संजय दत्त की बायोपिक में काम कर रहे हैं। उनसे पूछा गया कि क्या यह बायोपिक एक बार फिर रणबीर कपूर को एक सुपरस्टार के तौर पर स्थापित कर पाएगी, इसके जवाब में हिरानी ने कहा, 'रणबीर हमेशा से सुपरस्टार हैं। वह बहुत अच्छे एक्टर हैं। मुझे उनके साथ काम करके काफी मजा आया और मैं उनके साथ आगे भी काम करना चाहता हूं।

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. खून करा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, सरेआम, सार्वजनिक, सर्वविदित 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अँधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. माँ के पिता, पितामह 12. महीना, मास 14. प्रियतम, वल्लभ, कलंत 15. गाँठों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, मदिरा, खाता 19. तोपोत्तम, तोप से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. अकेला।

ऊपर से नीचे

1. किला, लुहाई 2. निर्लोभ, निष्काम 3. उत्तरियों या स्त्रियों का विशिष्ट वाद्य में प्रस्फुटन, धुन, म्यूजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 6. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. ईमानदारी, गणुध्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सवाल, जो उत्तर-शाश्वत न हो 16. गाँठ का छोटा भाई 18. गहरा तनोत्तम, पंक 20. आत्मा, जीव-करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	ब
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		थे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

सू-दोकू

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

सू-दोकू क्र.85 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

राशिफल

मेष : किसी नए कार्य को प्रारंभ करने के लिए आज समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में व्यावसायिक लाभ होगा। विपक्षों में सीधा ही परिवर्तन होगे।

वृष : आज का दिन आपके लिए सरलम फलदायी है। आज मित्रों तथा भेंटीयों के साथ हुई भेंट आनंददाय रहेगी। आज के दिन का अधिकांश समय धन सम्बंधित योजना बनाने में ही बिता देंगे।

मिथुन : आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी रहेगा। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आपको आज मिलेगी। मन में किसी प्रकार के विषेयात्मक विचार को प्रवेश न करने दें। व्यवसाय और व्यापार में अनुकूल वातावरण से मन में प्रसन्नता रहेगी।

कर्क : आर्थिक दृष्टिकोण से आज अथ के बुराबरे कार्य अधिक रहेगा। आंखों में तकलीफ हो सकती है। किसी के साथ क्षति न हो इसका ध्यान रखें। आर्थिक दृष्टिकोण से लाभदायी दिन है। पारिवारिक वातावरण उत्तम रहेगा।

सिंह : सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंददाय और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के भी शुभ समाचार मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी तथा धनलाभ होगा। मानसिक चिंता हो सकती है। परिजनों और संतानों के साथ मनमुटाव होने की घटना भी बन सकती है।

कन्या : आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपका सम्बंध प्रेमभरा रहेगा। मित्रों और रक्षजनों से उपहार मिलेगा। अधिकारीगण आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी समपीय स्थान पर छोटे से प्रवास का आयोजन होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला : शारीरिक रूप से हिहिलता और आलस्य रहेगा। संतान के साथ भी मतभेद हो सकता है परंतु सायाह्न के बाद कार्यालय के वातावरण में सुधार होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान प्राप्त करने के प्रसंग बनेंगे।

वृश्चिक : शारीरिक एवं मानसिक रूप से आप अस्वस्थ हो सकते हैं। मनबहाने न हो, इसका ध्यान रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बन सकेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी अ सकती हैं। अधिकारियों से बनाकर रखें।

धनु : पारिवारिक वातावरण आनंददाय रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे, सायाह्न के बाद आपके मन में व्यावसायिक विषयों की गतिविधियों से भटीजन का अनुभव होगा। व्य की मात्रा बढ़ सकती है।

मकर : परिवार में सुख-शांति और आनंददायी वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा। सायाह्न के बाद आप मित्रों और रक्षजनों के साथ सायथनीपूर्वक रहें। वाहनसुख मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कुंभ : बल के प्रति आज आपकी विशेष अभिरुची रहेगी। कार्य की मात्रा आज के दिन अधिक रहेगी। संतान से संबंधित प्रश्न सताएंगे। अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे। आर्थिक लाभ होगा। व्यवसाय में कर्मचारियों का सहयोग आपको मिलेगा।

मीन : पित्तदोषों की अधिकता के कारण मानसिक रूप से हिहिलता का अनुभव होगा। पेट में तकलीफ हो सकती है। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है। यात्रा-प्रवास के लिए समय अनुकूल नहीं है। मान-सम्मान का ध्यान रखें।